## न्यूज डायरी



### सड़क पर उतरे एक लाख लोग, राष्ट्रपति को बोले–जन्मदिन मुबारक हो चूहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मिंस्क। बेलारूस में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के खिलाफ प्रदर्शनों का दौर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को करीब एक लाख लोगों ने हीरो सिटी में जोरदार प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शनकारी जन्मदिन मुबारक हो चूहे के नारे लगा रहे थे। राष्ट्रपति लुकाशेंको 66 साल के हो गए हैं और उनके इस्तीफे के लिए देशभर में प्रदर्शनों का दौर जारी है। राष्ट्रपति लुकाशेंको जन्मदिन पर राजधानी में स्थित अपने घर में ही रहे और उन्हें वहां पर एक बार फिर से असाल्ट राइफल के साथ देखा गया। लुकाशेंको को उनके जन्मदिन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फोनकर बधाई दी और उन्हें मास्को आने का न्यौता दिया है। माना जा रहा है कि रूस ने यूरोपीय यूनियन के प्रतिबंधों और 9 अगस्त को हुए राष्ट्रपति चुनाव को अमेरिका के खारिज किए जाने पर पुतिन ने इस फोन के जरिए राष्ट्रपति को अपने समर्थन का ऐलान किया है।

### टेक्सास में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत, एक अन्य घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रायन (अमेरिका)। अमेरिका के टेक्सास के ब्रायन शहर में एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर की प्रवक्ता क्रिस्टन वागनर ने कहा, '' मैं आपको बता सकती हूं कि तीन लोग मारे गए हैं और एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'' वागनर ने बताया कि संघीय जांचकर्ताओं को घटनास्थल 'कोल्टर फील्ड हवाई अड्डे' पर भेजा गया है ताकि हादसे के कारण का पता लगाया जा सके। 'फेडरल एविएशन' के प्रवक्ता लिन लुन्सफोर्ड ने बताया कि एकल इंजन वाला 'पाइपर पीए24' रविवार दोपहर ढाई बजे से पहले दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पीड़ितों की पहचान अभी उजागर नहीं की गई है। लुन्सफोर्ड के अनुसार एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड हादसे की जांच कर रहा है।

### गोलीबारी में घायल हुए सेंट लुइस के अधिकारी की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंट लुइस। अमेरिका के सेंट लुइस में गोलीबारी की एक घटना की रोकथाम के दौरान एक पुलिस अधिकारी के सिर में गोली लग गयी थी जिसके बाद रविवार को अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी । सेंट लुइस पुलिस विभाग की प्रवक्ता मिशेल वुडलिंग ने बताया कि टमारिस एलें बोहानॉन (29) पिछले साढ़े तीन साल से विभाग के साथ काम कर रहे थे। अन्य अधिकारी जिसके पैर में गोली लगी थी, उनका इलाज जारी है। गोलीबारी की यह घटना टावर ग्रोव पार्क के पास साउथ ग्रैंड में शाम करीब छह बजे हुई। वुडलिंग ने बताया कि 49 वर्षीय संदिग्ध को हिरसत में ले लिया गया। इस बीच, अमेरिका के केंटुकी के मेंडिसनव्हिल में गोलीबारी की एक घटना में पांच लोग घायल हो गए। मेंडिसनव्हिल पुलिस विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दो लोगों ने रविवार की सुबह मेंडिसनव्हिल में करीब 100 लोगों के एक समूह पर गोलीबारी कर दी।

### हांगकांग में स्कूल खोलने की तैयारी में जुटा प्रशासन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगकांग। कोरोना महामारी के बीच हांगकांग में स्कूल खोलने की तैयारी चल रही है। शिक्षा मंत्री केविन येंग ने सोमवार को कहा कि कोरोना वायरस के मरीजों के गिरते ग्राफ को देखते हुए सरकार ने स्कूलों को खोलने की योजना बनाई है। सरकार की योजना के मुताबिक स्कूलों को दो चरणों में खोला जाएगा। कक्षाओं में छात्र आमने–सामने बैठकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। स्कूलों को पूरे समय के लिए नहीं, बल्कि आधे समय के लिए खोला जाएगा। इस महीने की शुरुआत में शिक्षा अधिकारियों ने कहा था कि हांगकांग के 900,000 छात्रों के लिए (प्राथमिक और माध्यमिक) स्कूलों में ऑन–साइट पाठ को नए शैक्षणिक वर्ष के लिए अगली सूचना तक निलंबित कर दिया जाएगा। अब तक 88 रोगियों की मौत हो चुकी है।

# शी जिनपिंग के आदेश पर पैंगोंग झील पर कब्जे का प्रयास?

**हिमाकत**

## चीन के सैनिकों ने लद्दाख के पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर कब्जा करने कोशिश की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पेइचिंग। चीन के सैनिकों ने कड़कड़ाती ठंड के बीच रात के अंधेरे का फायदा उठाकर लद्दाख के पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर कब्जा करने कोशिश की। चीन की इस खतरनाक साजिश का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। बताया जा रहा है कि दोनों ही तरफ से हजारों की तादाद में सैनिक ताजा संघर्ष में शामिल हुए। यह झड़प ऐसे समय पर हुई जब कुछ घंटे पहले ही चीन के राष्ट्रपति और सेना के सर्वोच्च कमांडर शी जिनपिंग ने तिब्बत की सुरक्षा को लेकर अहम बैठक की है और नए निर्देश जारी किए हैं।
चीन में कुछ दिन पहले ही तिब्बत को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक हुई है। इस बैठक में शी जिनपिंग ने तिब्बत में स्थिरता और सुरक्षा तथा भारत के साथ लगती सीमा की रक्षा के लिए नीतियां और नए निर्देश जारी किए हैं। शी जिनपिंग की इस बैठक के ठीक बाद पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने रणनीतिक रूप से बेहद अहम पैंगोंग झील के दक्षिण तट पर रात में कब्जा करने का प्रयास किया।
भारतीय सेना ने चीन के दुस्साहस का करारा जवाब देते हुए चीन के प्रयास को विफल कर दिया। यही नहीं भारतीय सेना ने तत्काल पैंगोंग इलाके में और ज्यादा सैनिकों को भी तैनात कर दिया है। बता दें कि यह वही इलाका है जहां पर चीन दो महीने पहले ही झड़प की तैयारी कर रहा था। विशेषज्ञों के मुताबिक चीनी राष्ट्रपति से हरी झंडी मिलने के ठीक बाद पीएलए ने पैंगोंग के दक्षिणी किनारे पर कब्जा करने का प्रयास किया।



गलवान घाटी में 15 जून को हिंसक संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे और चीन के भी 40 से ज्यादा सैनिक हताहत हुए थे। भारत ने जहां अपने मारे गए सैनिकों की संख्या का ऐलान किया लेकिन चीन ने आजतक अपने मारे गए सैनिकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। अब पहली बार चीनी सैनिकों के कब्र की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। श्चीनी ट्विटरश कही जाने वाली वहां की माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ॅमपइव पर वायरल हो रही यह चीनी सैनिकों के कब्र की तस्वीर उसके झूठ की पोल खोल रही है।
चीनी मामलों के एक एक्सपर्ट ने दावा किया है कि इंटरनेट पर एक तस्वीर शेयर की जा रही है जिसमें गलवान में मारे गए चीनी सैनिक की कब्र दिखाई दे रही है। चीनी मामलों के एक्सपर्ट एम टेलर फ्रैवल ने दावा किया है कि चीन की माइक्रोब्लॉगिंग साइट ॅमपइव पर यह तस्वीर शेयर की गई है। इसमें दिख रही कब्र एक 19 साल के चीनी सैनिक की है जिसकी मौत श्चीन–भारत सीमा रक्षा संघर्षश में जून 2020 में हो गई। उसके फुजियान प्रांत से होने का दावा किया गया है। टेलर ने यह भी बताया है कि तस्वीर में दिख रही कब्र पर सैनिक की यूनिट का नाम 69316 बताया गया है जो गलवान के उत्तर में स्थित चिप–चाप घाटी में तियानवेन्दियन की सीमा रक्षा कंपनी लग रही है। टेलर ने दूसरे सूत्र के हवाले से लिखा है कि यह 13वीं सीमा रक्षा रेजिमेंट का हिस्सा है।

## आबे जापान के इतिहास में 'महानतम' प्रधानमंत्री हैंः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शिंजो आबे को जापान के इतिहास का "महानतम" प्रधानमंत्री बताकर उनकी प्रशंसा की। दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर हुई वार्ता के दौरान ट्रंप ने यह बात कही। आबे (65) ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह खराब सेहत की वजह से पद छोड़ने का मन बना रहे हैं। वह लंबे वक्त से अल्सरेटिव कोलाइटिस (आंत में सूजन से जुड़ी बीमारी) से जूझ रहे हैं। वह जापान में सबसे लंबे वक्त तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार रात आबे से फोन पर बात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने लंबी बातचीत कर पिछले चार वर्षों के कार्यों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने फोन पर हुई बातचीत की जानकारी देते हुए कहा, "दोनों नेताओं ने माना कि उनके संबंध असाधारण हैं, राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री आबे को जापान के इतिहास का महानतम प्रधानमंत्री बताया।" आबे के इस्तीफे की घोषणा के बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई यह पहली बातचीत थी। व्हाइट हाउस ने कहा, "राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री आबे ने शानदार काम किया है और कहा कि अमेरिका और जापान के बीच रिश्ते आज पहले से कहीं बेहतर हैं।"



**गलवान घाटी संघर्ष में 80 चीनी सैनिकों की हुई थी मौत?**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। लद्दाख के गलवान घाटी में भारतीय सेना के बिहार रेजिमेंट और आईटीबीपी के जवानों की दिलेरी के सुबूत आते दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों चीन के शिनजियांग प्रांत में दफनाए गए 80 से ज्यादा सैनिकों की कब्रें दिखाई दे रही हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि ये कब्रें उन्हीं चीनी सैनिकों की हैं जिनकी गलवान घाटी संघर्ष में मौत हो गई थी। इससे पहले एक चीनी सैनिक की कब्र की तस्वीर वायरल हुई थी। इसमें लिखा हुआ था कि चीन–भारत सीमा रक्षा संघर्ष में इस सैनिक की जान गई। चीनी ट्विटर कही जाने वाली वहां की माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पर वायरल हो रही यह चीनी सैनिकों के कब्र की तस्वीर उसके झूठ की पोल खोल रही है।

# चीन दो महीने से कर रहा था पैंगोंग झील पर झड़प की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा**

पेइचिंग। चीन ने एक बार फिर से भारत के साथ बातचीत के नाम पर लद्दाख के पैंगोंग झील इलाके में छूरा घोपने की कोशिश की। बड़ी संख्या में चीनी सेना के जवानों ने पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर रात के समय में यथास्थिति को बदलने की कोशिश की। ड्रैगन की इस नापाक साजिश को भारतीय सेना ने जोरदार कार्रवाई करते हुए विफल कर दिया। यही नहीं भारतीय सेना ने तत्काल इलाके में और ज्यादा सैनिकों को भी तैनात कर दिया। सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन ने दो महीने पहले ही इस झड़प की तैयारी करनी शुरू कर दी थी।
ओपन सोर्स इंटेलिजेंस एनालिस्ट Detresfa ने दो महीने पहले चीनी सेना की तैयारियों को सैटलाइट तस्वीरों के जरिए खुलासा कर दिया था। इन तस्वीरों में नजर आ रहा है कि पैंगोंग के दक्षिणी तट पर चीन ने अपने कई पोस्ट बना लिए थे। यही वह इलाका है जहां पर चीन और भारत के सैनिकों के बीच झड़प हुई है। पैंगोंग झील के दक्षिणी तट के पास न केवल चीनी सैनिक तैनात थे बल्कि उनकी मदद के लिए बड़ी संख्या में सैनिक पूरे पैंगोंग इलाके में नजर आए थे।
**चीन ने कई नए कैंप और रास्ते भी बनाएः** यही नहीं तस्वीरों में नजर आया था कि चीन ने कई नए कैंप और रास्ते भी बनाए थे। यही नहीं बातचीत के बाद भी चीनी सेना अब भी पैंगोंग के फिंगर 4 से तीन किलोमीटर की दूरी पर जमी हुई है। हालांकि पहले यह दावा किया गया था कि चीनी सेना फिंगर 4 से फिंगर 5 तक वापस लौट गई है और कुछ चीनी सैनिक ही रिज लाइन पर मौजूद हैं। सैटलाइट तस्वीर के अनुसार, फॉक्सहोल पॉइंट के पश्चिम में 3 किलोमीटर की दूरी पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की उपस्थिति बनी हुई है।

## पोर्टलैंड प्रदर्शन में एक व्यक्ति की मौत, डोनाल्ड ट्रंप–जो बाइडन में जुबानी जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पोर्टलैंड। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के बीच ओरेगन प्रांत के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों और 'ब्लैक लाइव्स मैटर' के प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि शनिवार को हुई गोलीबारी का शहर में 600 वाहनों से आये ट्रंप समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों से कोई संबंध है या नहीं।
पुलिस ने बताया कि क्षेत्र से वाहनों का यह काफिला रात साढ़े आठ बजे रवाना हुआ और इसके लगभग 15 मिनट बाद अधिकारियों ने गोलीबारी की आवाज सुनी। अधिकारी 'एक मिनट के भीतर' मौके पर पहुंच गए लेकिन गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति को नहीं बचाया जा सका। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति को छाती में गोली लगी। उसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उसे किसने गोली मारी। पुलिस ने एक बयान में कहा, 'यदि कोई गवाह है, उसके पास वीडियो है, या उसके पास हत्या के बारे में जानकारी है, तो उन्हें प्राइमरी डिटेक्टिवों से संपर्क करना चाहिए।'